# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को आज एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के तीन सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया है। इनमें एक पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है। गुमला के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के केचकी दोहरी टोली में हुई, जहां सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

*********************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जामताड़ा पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सामुपोखर गांव से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से करीब दस लाख रूपये नकद, दो लैपटॉप, छह एटीएम, छह सिम कार्ड और पांच मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद किये गये हैं।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से थोड़ी देर बाद रांची में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में सारंडा को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी बनाने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। बैठक में पेसा नियमावली को भी मंजूरी मिल सकती है। साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा जनहित के कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति दिये जाने की संभावना है।

*********************

जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी अभियान से लगातार लोग जुड़ रहे हैं। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम शहर के दुकानदारों और आम लोगों से संवाद कर उन्हें जीएसटी सुधारों की खुबियां बतायी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जीएसटी दरों में कटौती कर केन्द्र सरकार ने नवरात्र उत्सव को बचत उत्सव के रूप में बदलने का प्रयास किया है।

*********************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत 2 करोड़ 82 लाख से अधिक मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्ष 2016 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोगों को पक्का आवास' उपलब्ध कराना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस वर्ष अगस्त तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 4 करोड़ 12 लाख मकानों का लक्ष्य आवंटित किया गया था। इनमें से 3 करोड़ 85 लाख मकानों को मंजूरी दी जा चुकी है और दो करोड़ 82 लाख से ज्यादा मकानों का कार्य पूरा हो चुका है।

*********************

पाकुड जिले में खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मुहैया कराने को लेकर खेलकूद और युवा कार्य विभाग विशेष रूप से काम कर रहा है।

*********************

नवरात्र का आज तीसरा दिन है। रांची समेत राज्यभर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। आज मां दुर्गा के नौ रुपों में एक चन्द्रघंटा स्वरुप की पूजा हो रही है। पूजा पंडालों में भी मां की आराधना हो रही है।

***************************

आंध्र प्रदेश के विशाखापतनम में छब्बीस से अट्ठाईस सितम्बर तक सोलहवीं राष्ट्रीय जूनियर बालक और बालिका  चॉक बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आज झारखंड राज्य बालक टीम रांची रेलवे स्टेशन से बरौनी पोदानूर स्पेशल ट्रेन से आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हुई। टीम में आयुष टोप्पो, इमैनुएल तिर्की, अनीश तिर्की, सुमन साहिल लकड़ा, हिमांशु उरांव, रोशन भगत, निखिल कुमार, नमन उरांव, सुभाष उरांव, रोहित तिर्की, प्रिंस साहू, लक्की उरांव और कोच शुभम् उरांव शामिल हैं।

***************************

रांची और आसपास के इलाकों में बारिश का सिलसिला आज थमा हुआ है। इधर मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक आज राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं–कहीं पर भारी बारिश  के आसार हैं। वहीं अट्ठाइस सितम्बर तक राज्य के अनेक स्थानों पर  गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात होने के भी आसार हैं। इसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र येलो अलर्ट जारी किया है।

**********समाप्त**********